तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025

4 मुख्यमंत्री ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को दी 186 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात





श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप



### देवरबोड़ में भोजली का किया गया विसर्जन

**सरसीवा।** अनुविभाग मुख्यालय बिलाईगढ़ से लगा ग्राम पंचायत देवर बोड में सरपंच के नेतृत्व में भोजली विसर्जन का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। प्राप्त समाचार के अनुसार मुख्यालय से लगा ग्राम पंचायत देवर बोड़ में कल ग्राम के सरपंच माहेश्वरी भारद्वाज के अगुवाई में बड़े धूमधाम से भोजली विसर्जन किया गया। गांव में भोजली विसर्जन कार्यक्रम में गांव के सभी युवक युतियां महिलाएं पुरुष सभी एक जगह इकट्ठा होकर डीजे के साउंड में छत्तीसगढ़ लोक प्रिय गाने और बाजे के साथ भोजली विसर्जन का एक जुलूस निकाला गया जो गांव के ही एक बड़े तालाब में जाकर अंकुरित धन और गेहूं के लगाए हुए भोजली का पूजा अर्चना करने के बाद विसर्जन गांव के ही तालाब में किया गया जिसमें गांव के समस्त प्रबुद्ध नागरिक, पंचगण, नशा मुक्ति मोर्च महिला संगठन एवं नगर वासी के अलावा बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहे।

### 7 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण

**रायगढ़।** जिले के नहरपाली में जेएसडब्ल्यू कंपनी के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों मोर्चा खोल दिया है। कंपनी की कथित जनविरोधी नीतियों, प्रदूषण, रोजगार में भेदभाव और सीएसआर फंड के दुरुपयोग के विरोध में ग्रामीणों ने मंगलवार से कंपनी गेट के सामने अनिश्चितकालीन प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि क्षेत्र के सिंघनपुर, नहरपाली, कुरूभांठा, सलिहाभांठा, लोढ़ाझर, बिलासपुर, रक्सापाली, तिलाईपाली और भूपदेवपुर के ग्रामीण आंदोलन में शामिल हैं। वे अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर एकजुट होकर महाआंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने भूअर्जन से प्रभावित लोगों को रोजगार देने, प्रदूषण नियंत्रण और सीएसआर फंड का उपयोग गांवों के विकास के लिए करने जैसे वादों को नजरअंदाज किया है। इसके अलावा कंपनी पर सड़कों के अतिक्रमण और मजदूरों के उत्पीड़न का भी गंभीर आरोप है। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें तत्काल पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### कोरजा नाला में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमृतपुर स्थित खर्राघाट के कोरजा नाला में मंगलवार की सुबह एक अज्ञात ब्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष बताई जा रही है। शव पर सफेद रंग का बनियान तथा मटमैले रंग का डंडेदार बरमुड़ा पहना हुआ है। मृतक का शव कोरजा नाला के पास जामुन की झाड़ियों में फंसा मिला। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत पानी के तेज बहाव में बहकर आने या डूबने से हुई होगी। फिलहाल नाले का पानी कम हो चुका है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। हालांकि अभी तक मृतक की शिनाख्ती नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा उसकी शिनाख्ती के लिए आसपास के गावों में मुनादी कराते हुए सोशल मीडिया में फोटो वायरल किया गया है।

# जन्माष्टमीं: आपरेशन सिंदूर की मनभावन झांकियां होंगी आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम मंडल रायगढ़ की ओर से भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व की खुशी में आगामी 14 से 18 अगस्त तक ऐतिहासिक एवं यादगार पांच दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 14 अगस्त की शाम 4 बजे विशिष्टगणों की उपस्थिति में किया जाएगा। महोत्सव के लिए श्याम बगीची परिसर में 10 हजार वर्गफुट में वाटरप्रूफ पंडाल बनाए गए हैं। जहां मनभावन स्वचालित झांकियां पंचमुखी गणेश जी, कृष्ण द्वारा माखन चोरी, अशोक वाटिका, वीर बर्बरीक द्वारा शीश दान, हनुमान जी का सूर्य भक्षण, गौरा गौरी पूजा, गोवर्धन पर्वत धारण, दिव्य कुंभ स्नान, जुरासिक पार्क, राम दरबार, होलिका दहन, गंगा जी का अवतरण, श्रीकृष्ण द्वारा कंस वध, भगवान विष्णु जी की शेषशैय्या व विशेष आकर्षण आपरेशन सिंदूर की मनभावन झांकियां श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ लगाई जा रही है। इसी तरह मंदिर प्रांगण में लड्डू गोपाल झूला, राधा कृष्ण झूला, वृंदावन की मनमोहक बांके बिहारी जी की दर्शन झांकियां लगेंगी। इस बार महोत्सव में विशेष आकर्षण का केंद्र फूल बंगला रहेगा व मंदिर को मनभावन फूलों से सजाकर फूल बंगला का भव्य रुप दिया जा रहा है। जिसे कोलकाता के कलाकार नवरुप दे रहे हैं और स्वचालित झांकियों को दुर्ग अंजोरा के कलाकार भव्यता दे रहे हैं।

**27 वें ऐतिहासिक श्रीकृष्ण जन्माष्टमीं महोत्सव का होगा भव्य आयोजन**




### कैमरों के साथ पुलिस की रहेगी चुस्त व्यवस्था

श्याम बगीची और श्याम मंदिर परिसर व क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से हाई सीसीटीवी कैमरे से अपडेट किया गया है। दर्शन-पूजन करने आए श्रद्धालुओं के लिए अलग से बैरिकेट्स की सुविधा की गई है। इसी तरह सुरक्षा गार्ड दिन व रातभर तैनात रहेंगे। पुलिस विभाग, ट्रैफिक विभाग के जवान भी अपनी सेवाएं देंगे। सफाई व्यवस्था में निगम के कर्मचारियों का भी योगदान रहेगा।

### आयोजन को सफल बनाने में जी-जान से जुटे हैं सदस्य

पांच दिवसीय ऐतिहासिक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को यादगार व आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल लेंधा, सचिव आनंद गर्ग, उपाध्यक्ष मुकेश गोयल, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल, सहसचिव जयप्रकाश गोयल, सचिन बंसल, नरेंद अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, गजेन्द्र गर्ग, पवन शर्मा आरटीओ, संजय अग्रवाल, अनिल गर्ग, राजेन्द्र अग्रवाल सहित सभी सदस्यगण जुटे हैं।

### भगवान का होगा अलौकिक श्रृंगार

16 अगस्त की अर्ध रात्रि को भगवान श्रीकृष्ण जी का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। वहीं भजन-कीर्तन व मधुर गीत के साथ 56 भोग व माखन मिश्री का भोग लगाकर फूलों की वर्षा से भगवान श्रीकृष्ण का स्वागत व धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। पांच दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का समापन आगामी 18 अगस्त को विशिष्टगणों की उपस्थिति में होगा।

## शहर में जलभराव होने पर कमिश्नर ने बरती थी सख्ती, अब तक नहीं हुई कार्रवाई

# व्यापारियों ने निगम के नोटिस को कूड़े में फेंका, नालियों से अब तक नहीं हटा कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पिछले दिनों बारिश में शहर में जलभराव होने पर निगम कमिश्नर बृजेश सिहं क्षत्रिय ने सख्ती बरतते हुए 48 व्यापारियों को नोटिस जारी किया था, जिसमें जल्द ही उन्हें खुद से नालियों से कब्जा हटाने कहा गया था। ऐसा नहीं करने पर निगम द्वारा तोड़फोड़ कर अतिक्रमण हटाने की बात कही गई थी, लेकिन बारिश बंद होने पर निगम प्रशासन इस बात को भूल गया। वहीं व्यापारियों ने भी निगम के नोटिस को अनदेखा कर दिया है, जिससे स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है।

दरअसल रायगढ़ में पिछले दिनों अच्छी बारिश हुई थी, जिसके बाद शहर की सड़कों पर नालियों का पानी भर गया था। इस पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम ने ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक से लेकर सुभाष चौक तक के 48 व्यवसायियों को नोटिस जारी किया था। नोटिस में उन्हें निर्देश दिया गया था कि नालियों के उपर अवैध निर्माण को हटाया जाए। इसके बाद भी निगम के नोटिस का असर नहीं हुआ और अब भी नालियों के उपर कब्जा है।




### अवैध रूप से बना लिए हैं पक्के ढांचे

शहर में व्यापारियों द्वारा सार्वजनिक नालों के उपरअवैध रूप से पक्के ढांचे बना लिए हैं, जिससे नालों की सफाई नहीं हो पा रही है। नालियां जाम होने से बारिश का पानी ठीक से निकल नहीं पाता है, जिससे चलते बारिश में शहर में जलभराव की समस्या होती है। निगम ने इसे नगरपालिका अधिनियम 1956 की धारा 243 और 293 का स्पष्ट उल्लंघन बताया था।

नालियों के उपर कब्जा करने वाले व्यापारियों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उनके द्वारा अब तक कब्जा नहीं हटाया गया है। ऐसे में उच्चाधिकारियों से चर्चा कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**सूरज देवांगन** एई, नगर निगम

### तीन दिन का दिया था अल्टीमेटम, नहीं हुआ कोई असर

नगर निगम ने अपने नोटिस में साफ कहा था कि नालों पर किए गए अवैध निर्माण पर नगरपालिका अधिनियम की धारा 244 और 307 के तहत कार्रवाई की जा सकती है। इसके तहत दुकानदारों को निर्देश दिए गए थे कि वे तीन दिन के भीतर निर्माण से जुड़ी अनुमति से संबंधित दस्तावेज निगम कार्यालय में जमा करें। निगम ने यह भी चेतावनी दी थी कि तय समय सीमा में वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर निर्माण को अवैध माना जाएगा और उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के नोटिस के बाद भी कोई असर नहीं हुआ। तय समय सीमा बीतने के बाद भी ओवरब्रिज से लेकर सुभाष चौक तक नालियों पर बने अवैध निर्माण अब भी वैसे ही बने हुए हैं।

# सुनसान रास्ते पर लूटपाट चार बदमाश गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड़ पुलिस ने सुनसान मार्ग पर राहगीरों से लूटपाट करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटी गई मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद किया है। घटना सोमवार की रात की है, जब ग्राम नावापारा निवासी सुंदर दास महंत (50) अपने साथी स्वलाल महंत के साथ ग्राम सपोस दशकर्म में शामिल होकर मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। रात करीब 10 से 11 बजे के बीच ग्राम लिटाईपाली नाला पुल के पास अंधेरे में छिपे कुछ युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज, हाथ-मुक्कों व डंडों से हमला कर लूटपाट की। बदमाशों ने सुंदर दास का मोबाइल लूट लिया और मौके से भाग निकले। सुबह पीड़ित ने थाना कोतरारोड़ पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया। जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था। पूछताछ में पीड़ित ने एक आरोपी की पहचान कृष्णा भारद्वाज लिटाईपाली के रूप में की। पुलिस ने उसे घर से पकड़ लिया, जहां उसने अपने साथियों विजय भारद्वाज लिटाईपाली, प्रदीप टंडन भजनडीपा और विरू सिदार लिटाईपाली के साथ वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने बताया कि वे ग्राम लिटाईपाली के नाला पुल को अपना अड्डा बनाकर रात के समय राहगीरों को रोकते, पैसे की मांग करते और विरोध करने पर डराते-धमकाते थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

# मेकाहारा से बिना डिस्चार्ज के भाग रहे हैं मरीज, कारण बना हुआ है रहस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अव्यवस्थाओं को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहे मेडिकल कॉलेज हास्पिटल के सुरक्षा व्यवस्था पर भी अब सवाल उठ रहे हैं। बीते दो दिनों में 10 मरीज बिना डिस्चार्ज के अस्पताल से फरार हो गए हैं।

- हॉस्पिटल की सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहा सवाल

हालांकि प्रबंधन ने इसकी सूचना चक्रधर नगर थाने में दी है, लेकिन यह गंभीर मामला है तथा इसकी जांच होनी चाहिए कि आखिर उपचार के दौरान मरीज क्यों चले जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अव्यवस्था का आलम यह है कि उपचार कराने के लिए भर्ती हुए मरीज बिना उपचार के ही प्रबंधन को जानकारी दिये बगैर चले जाते हैं। मरीजों के इस तरह चले जाने की प्रबंधन को भनक तक नहीं लगना कहीं न कहीं सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। बीते दो दिनों में इलाज के लिए भर्ती 10 मरीज फरार हो गए हैं। फरार मरीजों में से चार मरीज मेल मेडिकल वार्ड से थे। बताया जा रहा है कि इस वार्ड में मरीजों की निगरानी के लिए अलग से स्टाफ तैनात रहता है, इसके बावजूद मरीजों का इस तरह भाग जाना यह दर्शाता है कि अस्पताल में 24 घंटे निगरानी के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं। भले ही अस्पताल प्रबंधन सभी प्रकार की सुविधा होने का दावा करता है लेकिन यहां की अव्यवस्थाओं को देख मरीज व उनके परिजन स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जिसके कारण वे इलाज बीच में छोडक़र चले जाते हैं।

### फरार मरीजों की थाने में दी गई सूचना

बताया जा रहा है कि अस्पताल में कोई चेकिंग सिस्टम नहीं है। यही वजह है कि रात में मरीज आसानी से निकल कर चले जाते हैं। उपचार के दौरान मरीजों के फरार हो जाने के मामले में बजाए जांच के प्रबंधन की ओर से चक्रधरनगर थाने में सूचना देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली गई है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से फरार मरीजों की थाने में दी गई सूचना दी गई है।

### ये मरीज हुए फरार

फरार मरीजों में सुशीला साहू घरघोड़ा, शंकर आदित्य कबीर चौक, मोहन पटेल अंबेडकर आवास, संजय सोनवानी देवारपारा जूटमिल, श्याम कुमारी कोड़ातराई पुसौर, लोकेश खुंटे कुर्दा रायगढ़, आनंद, मंगतू, साहिल और कुशलदास शामिल हैं।

# दोस्त के घर से सोने के बिस्किट चुराने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली पुलिस ने सोनिया नगर में हुई लाखों की चोरी के फरार मुख्य आरोपी धीरज शर्मा को उर्दना चौक के पास घेराबंदी कर रायगढ़ लौट रही बस से पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। घटना के बाद आरोपी वृंदावन में छिपा हुआ था, जिसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखते हुए पुलिस ने जाल बिछाकर उसे दबोच लिया।

पूछताछ में सामने आया कि चोरी के माल को छिपाने में उसके बचपन के दोस्त मीर रिजवान अली ने मदद की थी, जिसे पहले ही बरामदगी के दौरान पुलिस ने संदिग्ध पाया था। पुलिस ने चोरी के चार सोने के बिस्किट, तीन चांदी के सिल्ली और तीन सोने की अंगूठियां मीर रिजवान के पास से बरामद की थीं, पर उस समय उसने माल के बारे में अनजान होने का दावा किया था। दरअसल मामला 25 जून का है जब सोनिया नगर निवासी कपड़ा व्यवसायी अनूप अग्रवाल ने घर में हुई बड़ी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 22 जून को वे पत्नी संग बाहर थे और घर पर उनका बेटा आदित्य मौजूद था। उसी रात उसका मित्र पंडित धीरज व तीन स्टाफ आए और देर रात चले गए। अगले दिन स्टाफ के पहुंचने पर आदित्य की तबीयत खराब थी और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। 23 जून को आदित्य ने अलमारी चेक की तो चार सोने के बिस्किट गायब मिले। साथ ही ग्राउंड फ्लोर ऑफिस से 3 लाख 40 हजार रुपए नगद और दो सोने की अंगूठियां भी चोरी हो चुकी थीं। चोरों ने पहचान छिपाने के लिए बुटिक में लगे सीसीटीवी डीवीआर और पीओई स्विच भी निकाल लिए थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। शुरुआती सुरागों से ही अंदरूनी व्यक्ति की भूमिका का शक गहरा गया। इसी बीच मीर रिजवान ने बताया कि धीरज ने घटना के अगले दिन उसे एक थैला रखने दिया था। उसी आधार पर पुलिस ने उसके पास से चोरी का सारा सामान बरामदकिया, कीमत 42 लाख रुपये से अधिक आंकी गई। मुख्य आरोपी धीरज घटना के बाद से फरार था।



### आरोपी ने परिचित होने का उठाया फायदा

पूछताछ में धीरज ने अनूप अग्रवाल के परिवार से जान-पहचान का फायदा उठाकर चोरी करना स्वीकार किया। उसने बताया कि सीसीटीवी सिस्टम निकालकर पंचधारी डेम में फेंक दिया था, जबकि नकदी से पुराने कर्ज चुका और सोना-चांदी मीर रिजवान को दे दिया था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से स्कूटी एक्टिवा एक वनप्लस मोबाइल भी जब्त किए हैं। मीर रिजवान को चोरी की संपत्ति की जानकारी होते हुए छिपाने का प्रयास करने पर सहआरोपी बनाया गया है। वहीं दोनों को रिमांड पर भेज दिया गया है।

## तिरंगा यात्रा को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी, जनप्रतिनिधि व विभिन्न सामाजिक संगठन हुए शामिल

# तिरंगे के रंग में रंगा शहर, हजारों लोगों ने लहराया राष्ट्र ध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वतंत्रता दिवस से पहले रायगढ़ शहर पूरी तरह देशभक्ति के भाव में सराबोर हो गया। यह अवसर था संस्कार पब्लिक स्कूल, विप्र फाउंडेशन और नव निर्माण संकल्प समिति के संयुक्त तत्वाधान में निकाले गए तिरंगा यात्रा का। मंगलवार को सुबह 10 बजे नटवर स्कूल से रायगढ़ के प्रसिद्ध शिक्षाविद समाजसेवी रामचंद्र शर्मा के नेतृत्व में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई।

तिरंगा यात्रा को रायगढ़ के कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने झंडा दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर रायगढ़ कलेक्टर ने तिरंगा यात्रा की सराहना करते हुए लोगों को देश प्रेम और तिरंगा के प्रति जागरूक होने की अपील की है। मंगलवार को तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा रायगढ़ तिरंगे के रंग में रंग गया। रायगढ़ में आयोजित होने वाले यह तिरंगा यात्रा अपने आप में ही ऐतिहासिक है क्योंकि रायगढ़ ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ में इस तरह दूसरी तिरंगा यात्रा शायद ही निकलती हो जिसमें हजारों लोग एक साथ तिरंगा उठाकर चलते हैं। देश के जवान और वीर शहीदों के सम्मान में निकाले गए 150 मीटर लम्बे तिरंगे को करीब ढाई हजार लोगों ने शहर के गलियों में लहराया। इस अवसर पर शहर के लोगों ने हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सर्वधर्म समान और एकता का संदेश दिया। सभी समुदाय के लोगों ने लगभग 3 घंटे तिरंगा उठाकर पदयात्रा की है।



### सामाजिक संगठनों ने निभाई सहभागिता

तिरंगा यात्रा को लेकर पूरे शहर में उत्साह का वातावरण था। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व में ही शहर में देशभक्ति का वातावरण निर्मित हो गया। शहर के कई सामाजिक संगठनों ने इस तिरंगा यात्रा में अपनी सहभागिता निभाई है। नटवर स्कूल से शुरू हुए तिरंगा यात्रा को शहर के लोगों ने अपने प्रतिष्ठान और घरों से निकलकर समर्थन दिया है। यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ रही थी लोग अपने घर और प्रतिष्ठानों से बाहर आकर यात्रा को तिरंगा दिखाकर अपना समर्थन दे रहे थे। रायगढ़ शहर में आयोजित इस तिरंगा यात्रा से पूरे शहर में देश प्रेम को लेकर एक सकारात्मक संदेश गया है।

### व्यापारियों ने लगाया स्टॉल

रायगढ़ शहर को दानदाताओं का शहर यूं ही नहीं कहा जाता। तिरंगा यात्रा के दौरान शहर के घड़ी चौक, सुभाष चौक, स्टेशन चौक तथा नटवर स्कूल में रैली में शामिल हुए छात्र और नागरिकों के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाकर चॉकलेट, आइसक्रिम, कोल्डड्रिंक का वितरण किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

संस्कार पब्लिक स्कूल के छात्रों ने तिरंगा यात्रा के दौरान सत्तीगुड़ी चौक, हंडी चौक, गौरीशंकर मंदिर रोड तथा गांधी प्रतिमा और स्टेशन चौक पर देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

# गांजा तस्करी का आरोपी ओड़िसा से गिरफ्तार, कई माह से चल रहा था फरार

## मुख्य सप्लायर पुरस्तम बारीक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

चौकी कोतबा क्षेत्र में फरवरी महीने में हुई 98 किलो गांजा बरामदगी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। मुख्य सप्लायर पुरस्तम बारीक (22 वर्ष), निवासी ग्राम टटरकिला, थाना बानसुनी, जिला बोधा (ओड़ीसा) को पुलिस ने 'ऑपरेशन आघात' के तहत घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी का शातिराना खेल, बार-बार बदलता रहा ठिकाना

गांजा सप्लायर पुरस्तम बारीक को पकड़ना आसान नहीं था। वह बेहद शातिर तरीके से बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और टेक्निकल टीम की मदद से आरोपी के मोबाइल व लोकेशन की लगातार निगरानी की। कई बार दबिश देने के बावजूद आरोपी हाथ नहीं आया, लेकिन हाल ही में पुलिस को सूचना मिली कि वह अपने गांव टटरकिला (उड़ीसा) में मौजूद है।

### फरवरी में हुई थी बड़ी बरामदगी

16 फरवरी 2025 को चौकी कोतबा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की मारुति ब्रेजा कार (क्रमांक CG10BE3848) में अवैध मादक पदार्थ गांजा ओडिशा से लुड़ेग की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने ग्राम राजाआमा में घेराबंदी कर कार को रोका और उसमें सवार आरोपी चैतन्य यादव (27 वर्ष), निवासी बरखुरिया, थाना लैलूंगा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) को 98 किलो 600 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में चैतन्य यादव ने खुलासा किया कि यह गांजा उसने ओडिसा के पुरस्तम बारीक से खरीदा था। इसके बाद पुलिस ने मुख्य सप्लायर को पकड़ने की रणनीति बनाई।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### गिरफ्तारी में इनकी रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी कोतबा उपनिरीक्षक बृजेश यादव, आरक्षक बूटा सिंह, अभय चौबे और पुस्तम यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### एएसपी का सख्त संदेश

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी ने कहा कि "पुलिस ने प्रोफेशनल तरीके से सप्लायर को पकड़ा है। मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। जिले में इस तरह के आपराधिक नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने की दिशा में कार्रवाई जारी है।"

### घेराबंदी कर दबोचा

जानकारी की पुष्टि होते ही पुलिस टीम तुरंत ओड़ीसा रवाना हुई। ग्राम टटरकिला पहुंचकर टीम ने आरोपी के घर की घेराबंदी की और पुरस्तम बारीक को हिरासत में ले लिया।

### व्हाट्सएप पर होती थी डील

पूछताछ में पुरस्तम बारीक ने स्वीकार किया कि उसकी चैतन्य यादव से व्हाट्सएप पर बातचीत होती थी और उसी माध्यम से उसने 98 किलो गांजा सप्लाई किया था। पुलिस के पास तकनीकी साक्ष्यों के साथ आरोपी का अपराध स्वीकारोक्ति बयान भी है।

### न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

पर्याप्त सबूत मिलने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### वाहनों में नंबर प्लेट लगाने शेड्यूल जारी

**रायगढ़।** जिला परिवहन कार्यालय रायगढ़ की ओर से वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एचएसआरपी लगाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 12 से 14 अगस्त तक जिले के विभिन्न स्थानों पर संचालित होंगे। जारी सूची के अनुसार घरघोड़ा में हंसराज परिवहन सुविधा केंद्र मो 9302740057 द्वारा जनपद कार्यालय के सामने पुसौर में साईं परिवहन सुविधा केंद्र मो 9938216164 द्वारा वरुण हार्डवेयर बिजली ऑफिस के सामने एनटीपीसी रोड पुसौर और रायगढ़ में आकृति परिवहन सुविधा केंद्र मो 9522118887 द्वारा शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में 12 अगस्त से 14 अगस्त तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में वाहन स्वामियों को निर्धारित तिथि और स्थान पर अपने वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने की सुविधा दी जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाकर नियमानुसार संचालित करें।

### विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल होंगे जिले के विद्यार्थी

**जशपुरनगर।** विद्यार्थी विज्ञान मंथन द्वारा आयोजित इस परीक्षा को एनसीइआरटी, एससीइआरटी, इसरो जैसी संस्थाओं के सहयोग से आयोजित की जा रही है, इस परीक्षा के पहले चरण में विद्यार्थी विद्यालय स्तर के ऑनलाइन परीक्षा में भाग लेंगे उसके पश्चात प्रत्येक कक्षा छठवीं से ग्यारहवीं से पच्चीस छात्र चयनित होंगे जो राज्य स्तरीय परीक्षा में शामिल होंगे जो एक दिवसीय होगी तत्पश्चात प्रत्येक राज्य से चयनित 12 छात्र राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित होंगे जहां प्रायोगिक कौशल ,नवाचार, रचनात्मकता की परीक्षा होगी।

### स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन कल

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण के द्वारा आगामी 14 अगस्त 2025 को जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ प्रातः 07.30 बजे से जय स्तम्भ चौक से प्रारंभ होकर महाराजा चौक के दाहिने बस स्टैण्ड मार्ग के नीचे तालाब रोड पुरानी टोली से होते हुए रणजीता स्टेडियम में समापन किया जायेगा। कलेक्टर रोहित व्यास ने स्वतंत्रता दौड़ में जिल के सर्व विभाग प्रमुखों को अपनी उपस्थिति के साथ ही अपने अधिनस्थ समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मिलित कराने हेतु निर्देशित किए हैं।

### जिले में अब तक 7570.1 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 7570.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 12 अगस्त तक की स्थिति में 6392.4 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 25.5 मिमी वर्षा हुई है।1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 837.9 मिमी, मनोरा में 963.1 मिमी, कुनकुरी में 1124.1 मिमी, दुलदुला में 455.3 मिमी, फरसाबहार में 602.6 मिमी, बगीचा में 785.9 , कांसाबेल में 708.2, पत्थलगांव में 657.7 मिमी, सन्ना में 902.5 एवं बागबहार में 532.8वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

---

## हाथी विशेषज्ञों ने व्यवहार, पारिस्थितिकीय तंत्र में उनकी भूमिका तथा संरक्षण के महत्व पर डाला प्रकाश

# विश्व हाथी दिवस पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विश्व हाथी दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला पंचायत कार्यालय में कलेक्टर रोहित व्यास एवं वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार की मौजूदगी में जशपुर वनमण्डल अन्तर्गत अंतर्राज्यीय हाथी-मानव द्वंद को कम करने के उद्देश्य से कार्यशाला सह गज संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में हाथी विशेषज्ञों ने हाथियों के व्यवहार, पारिस्थितिकीय तंत्र में उनकी भूमिका तथा संरक्षण के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही जागरूकता बढ़ाने हेतु चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुमला से आए प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा अधिकारी श्री आदर्श शरण ने हाथी प्रबंधन से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही बीएफओ नरेश कुजूर एवं आरआरटी सदस्य राजेश राम ने गजरथ गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा की, वहीं यूएसटीआर लालबहादुर ने गजसंकेत ऐप के उपयोग और महत्व पर प्रकाश डाला। रांची से आए हाथी विशेषज्ञ तपश कर्माकर ने हाथी-मानव द्वंद के कारण, उसके प्रभाव तथा समाधान पर विस्तार से बताया। सीनियर फील्ड ऑफिसर, वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया, सुशांत गौड़ा ने हाथी कॉरिडोर संरक्षण एवं प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला।


विश्व हाथी दिवस पर आयोजित कार्यशाला में भाग लेते अधिकारी।

### वनमण्डल में किया गया गज सूचना व नियंत्रण कक्ष की स्थापना

वनमण्डल जशपुर में 12 अगस्त 2025 को विश्व हाथी दिवस के अवसर पर गज सूचना एवं नियत्रण कक्ष की स्थापना किया गया। गज सूचना एवं नियंत्रण कक्ष का मुख्य उद्देश्य परिक्षेत्र अन्तर्गत विचरणरत हाथियों की जानकारी प्राप्त कर विचरण क्षेत्र के जंगल किनारे बसे एकल घरों में निवासरत परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने हेतु एवं आस-पास के ग्रामों को सूचना देकर सुरक्षित करने हेतु सरपंच, सचिव एवं कोटवार को दूरभाष पर जानकारी देकर मुनादी कराने का कार्य करेगी। गज सूचना एवं नियंत्रण कक्ष निरंतर 24 घंटे प्रारंभ रहेगी। इसके हेतु टोल फ्री नम्बर 9243030720 है। जिससे की हाथी मानव द्वंद को न्यूनतम करने में सहायता मिलेगी।

### हाथी संरक्षण जागरूकता हेतु चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता

कार्यक्रम के तहत हाथी संरक्षण जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में, 15 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम स्थान श्री श्रेयष धुरिया, द्वितीय स्थान हिमांशी कुजूर तथा तृतीय स्थान वैभव भगत ने प्राप्त किया। 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान तौसिफ शाह, द्वितीय स्थान निशा तिग्गा और तृतीय स्थान नेहा यादव को मिला। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में 15 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम स्थान दीक्षा गुप्ता, द्वितीय स्थान अंशिका तिग्गा एवं तृतीय स्थान लीलावती बंजारा ने हासिल किया। वहीं 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान अनुरूप तिग्गा, द्वितीय स्थान कर्मा सन्यासी तथा तृतीय स्थान चांदनी को प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, साथ ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी अतिथियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर वनमण्डल जशपुर के समस्त उपवनमण्डलाधिकारी, वन परिक्षेत्राधिकारी, कर्मचारीगण एवं आरआरटी सदस्य उपस्थित रहे।




तिरंगा बाईक रैली निकाली गई।

# बगीचा में निकाली गई तिरंगा बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में बगीचा विकास खंड में तिरंगा बाईक रैली निकाली गई।

आम नागरिकों से भी आग्रह किया गया हर घर तिरंगा यात्रा में अपनी सहभागिता निभाएं। भारत सरकार द्वारा चलाई गई एक राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसका उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और स्वतंत्रता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। यह यात्रा आमतौर पर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त या गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के आसपास आयोजित की जाती है। हर घर तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना। भारत के राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना। हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाना क्या होता है। हर घर तिरंगा यात्रा लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाता है। स्कूलों, कॉलेजों, में रैलियां आयोजित की जाती हैं। तिरंगा वितरण, झांकी, देशभक्ति गीत, और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। इस अवसर पर बगीचा एसडीएम प्रदीप राठिया और अन्य अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक उपस्थित थे।

- हर घर तिरंगा अभियान में नागरिकों से सहभागिता की अपील

---

# बेटियों ने रचा इतिहास,100 में से 43 पद किए अपने नाम


होमगार्ड पद पर चयनित छात्राएं।

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत संचालित नवसंकल्प शिक्षण संस्था ने एक बार फिर उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की है। संस्था की 45 छात्राओं का चयन गृह रक्षक (होम गार्ड) के पद पर हुआ है। इन चयनित छात्राओं ने नवसंकल्प के पुलिस बैच में आवासीय व्यवस्था के साथ नियमित प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

जिले में होम गार्ड के कुल 100 पदों में से 43 पदों पर नवसंकल्प की छात्राओं का चयन हुआ,जबकि 2 छात्राओं ने अन्य जिलों के लिए चयन प्राप्त किया। नवसंकल्प शिक्षण संस्थान के अनुसार, गृह रक्षक भर्ती हेतु शारीरिक परीक्षा सितम्बर 2024 में संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। इसमें सफल अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा व्यापम द्वारा 22 जून 2025 को ली गई। परीक्षा का परिणाम एवं मेरिट सूची 9 अगस्त 2025 को जारी हुई, जिसमें नवसंकल्प की 45 छात्राओं ने सफलता का परचम लहराया। छात्राओं की शारीरिक तैयारी में पुलिस का विशेष सहयोग रहा तथा रक्षित ग्राउंड में नियमित अभ्यास कराया गया। वहीं, लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए प्रतिदिन कक्षाएं, टेस्ट सीरीज़ एवं करंट अफेयर्स मैगज़ीन उपलब्ध कराई गई। संस्थान की छात्रा नमिता बड़ा ने सरगुजा संभाग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने का गौरव हासिल किया। दुलदुला निवासी नमिता ने शारीरिक परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक तथा लिखित परीक्षा में 77 अंक प्राप्त कर कुल 177 अंक अर्जित किए। पत्थलगांव विकासखण्ड की कुमारी रूपा पैंकरा ने कहा मुझे नौकरी करने की गहरी इच्छा थी, लेकिन सही मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा था। नवसंकल्प के बारे में जानकारी मिली तो उम्मीद जगी। यहां आकर मैंने पहली बार फिजिकल ट्रेनिंग और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की। जब चयन की खबर मिली तो मेरे घर में जैसे खुशी का माहौल बन गया।

- जिला प्रशासन की पहल से पहली बार सरकारी सेवा में पहुंचीं अनेक छात्राएं

# एनएचएम कर्मियों ने स्थायीकरण ग्रेड पे व बीमा की मांग उठाई


सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

**जशपुरनगर।** प्रदेश के 16 हजार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएस कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बीते 20 वर्षों की सेवा के बाद भी उन्हें स्थायीकरण, ग्रेड पे, चिकित्सा बीमा, चिकित्सा अवकाश और अनुकंपा नियुक्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया है। संघ का कहना है कि मध्य प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में ये सुविधाएं एनएचएम कर्मियों को वर्षों पहले से मिल रही हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार के चुनावी घोषणा पत्र और ₹मोदी की गारंटी₹ में इन समस्याओं के समाधान का वादा किया गया था, पर अब तक कोई सकारात्मक बदलाव नहीं आया है।

### मुख्य मांगें

संघ ने ज्ञापन में 10 प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें- सेवाकाल व अनुभव आधारित स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, पद व योग्यता अनुसार ग्रेड पे, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, 27 प्रतिशत लंबित वेतन वृद्धि का भुगतान, नियमित भर्ती में 50 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, नियमित कर्मियों की तरह चिकित्सा व अन्य अवकाश, मानवीय स्थानांतरण नीति, और न्यूनतम 10 लाख रुपये का कैशलेस चिकित्सा बीमा शामिल है।

### आर-पार की चेतावनी

संघ ने साफ कहा कि यदि जल्द मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी की जाएगी। उनका कहना है कि मांगें पूरी होने से न केवल 16 हजार एनएचएम कर्मियों को सुरक्षा व सम्मान मिलेगा, बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

# घर-घर तिरंगा फहराकर राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी आंदोलन का बने हिस्सा



भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। 2 अगस्त से इस अभियान की शुरुआत हुई है जो 15 अगस्त तक पूरे देश भर में चलाया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान 2025 की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी एवं तिरंगे के प्रारंभिक स्वरूप के डिजाइनर स्वर्गीय पिंगली वेंकैया की जयंती 2 अगस्त के दिन उनके योगदान को स्मरण करते हुए की गई है। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों में तिरंगा फहराएं। भारत सरकार की ओर से उन्हें एक ऑनलाइन सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिंगली वेंकैया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि तिरंगे के निर्माण में उनका योगदान को सदैव याद किया जाता रहेगा। उनका यह योगदान हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने हमेशा की तरह इस बार भी हर घर तिरंगा अभियान को सशक्त बनाने के लिए तिरंगा फहराने की अपील की। हर घर तिरंगा अभियान आज़ादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में भारत की आज़ादी के प्रतीक के रूप में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु शुरू किया गया था। इस पहल के पीछे का उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

### की गई महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश व जिला नेतृत्व के निर्देश पर "हर घर तिरंगा – घर घर तिरंगा"अभियान के तहत मण्डल अध्यक्ष मुकेश सोनी और हर घर तिरंगा - घर घर तिरंगाअभियान के संयोजक दीपक गुप्ता के नेतृत्व में शहर के प्रेरणा स्वरूप महापुरुषों की प्रतिमा बिरसा मुंडा चौक, स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव प्रतिमा, स्मारक स्तंभ और गांधी चौक में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक रायमुनी भगत, गोविंद राम भगत, जिला मंत्री राजकपूर भगत, मण्डल अध्यक्ष मुकेश सोनी, संयोजक दीपक गुप्ता, सदस्य राजा सोनी, राहुल गुप्ता, दीपू मिश्रा, मंडल महामंत्री द्वेय सतीश गोस्वामी, नागेन्द्र भगत, आकाश गुप्ता, आसू राय, विनोद निकुंज, रागिनी भगत, अंजला खेश, देवसाय राम, संतोष नायक सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह जानकारी जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ने दी।



---

## बांध लबालब,धान की फसल मरने की कगार पर

# किसानों की मांग पर नहीं मिल रहा पानी, जल संसाधन विभाग की उदासीनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

जिले के सबसे बड़े बांध खमगड़ा जलाशय परियोजना किसानों के लिए वरदान साबित होती रही हैं। बरसात हो या गर्मियों में यहां के किसान बड़ी तादाद में धान की फसल उत्पादन करते है। और जिले में सबसे अधिक धान पैदावार करने वाले क्षेत्र में होता है, लेकिन इन दिनों मानसून की बेरुखी से किसानों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा हैं।

पिछले सप्ताह भर से अधिक समय से चिलचिलाती धूप से खेतों में दरारें पड़ गई है और धान पीले होकर मरने लगे है। इधर समस्या से निजात पाने के लिए किसानों ने जलसंसाधन विभाग को पत्र लिखकर पानी छोड़ने की गुहार लगाई बावजूद किसानों को पानी नहीं मिल रहा है। जबकि बांधों में लबालब पानी भरा होने के बावजूद, किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है, जिससे उनकी फसलें सूख रही हैं। किसानों ने पानी की मांग की है, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। यह स्थिति कई किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि पानी की कमी के कारण उनकी फसलें बर्बाद हो रही हैं। बांधों में पानी होने के बावजूद, किसानों को पानी न मिलना जलसंसाधन विभाग का एक विरोधाभास है। किसानों का कहना है कि बांधों में पर्याप्त पानी जमा है, लेकिन किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है। सूखी हुई फसलें किसानों की आय और खाद्य सुरक्षा को खतरे में डाल रही हैं। किसानों ने पानी की मांग की है, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। बिडंबना है कि जलसंसाधन विभाग के उदासीनता और गैरजिम्मेदाराना रवैया के कारण धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में किसानों की धान की फसल बारिश नहीं होने और नहर से पानी नहीं मिल पाने की वजह से अब मरने की कगार पर पहुंच चुका है। गांव के गरीब किसान अपनी बेशकीमती धान की फसल को बचाने प्रशासनिक अधिकारियो के समक्ष गुहार भी लगा चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है। वर्तमान हालत देख कर लगता है की इस बार भूमि पुत्रो को काफी ज्यादा नुकसान उठाना पड़ सकता है। यूं तों बारिश का मौसम किसानों के लिए कई सौगात लेकर आता है, इस दरम्यान किसान अपना मनचाहा फसल अपने खेतों में पैदा कर उसे बाजार में बेच कर अच्छी खासी आमदनी प्राप्त कर अपने एवं अपने परिवार के सपने को पूरा करता है।


पानी से लबालब भरा खमगड़ा जलाशय।


मॉनसून का यूटर्न, सप्ताह भर से नहीं हुई बारिश

पौधों में नहीं हो रही है वृद्धि

दलहन, तिलहन फसलें 5 प्रतिशत ही फूटी

हरिभूमि प्रकाशित खबर

### एक-दो दिन में छोड़ दिया जाएगा पानी

किसानों के द्वारा लिखित शिकायत मिली है। उनको हो रही समस्या के लिए विभाग कार्य कर रहा है। किसानों के द्वारा नहरों के नालों में गर्मी के दिनों हुए फसल की पैरा डाल देने से क्षतिग्रस्त हुई है। उसे सुधार के लिए कार्य किए जा रहे है। एक दो दिन में पानी छोड़ दिया जाएगा।

**-नरेंद्र सिन्हा,** एसडीओ जलसंसाधन विभाग पत्थलगांव



# बागी 4 का टीजर रिलीज टाइगर और संजय भिड़े

**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ, संजय दत्त, सोनम बाजवा और हरनाज संधू की बागी 4 का टीजर रिलीज कर दिया है। इसको देखने के बाद लोगों के मिले-जुले रिएक्शन आ रहे हैं। कुछ टाइगर से लेकर संजू बाबा की तारीफ कर रहे हैं तो किसी ने इतना वॉयलेंस दिखाने के लिए आलोचना भी की है। कोई इसे एनिमल तो कोई किल जैसा बता रहा है तो कोई इतना वॉयलेंस देख इसे कसाईखाना बोल रहा है। टीजर की शुरुआत टाइगर श्रॉफ के डायलॉग से होती है कि 'जरूरत हमारी जरूरी में फर्क होता है। अलीशा तेरी जरूरत थी और मेरे लिए जरूरी।' इस डायलॉग के दौरान संजय दत्त, सोनम बाजवा और हरनाज संधू को रोते हुए दिखाया गया है।

लाइफ Style

# जैस्मीन

## इंडस्ट्री में होता है कास्टिंग काउच

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी एक्ट्रेस जैस्मीन भसीन ने कास्टिंग काउच को लेकर एक खुलासा किया है। उन्होंने उस बुरे दौर को याद किया, जब वो खुद इसका शिकार हुई थीं। उन्होंने बताया कि कैसे होटल के कमरे में उन्हें लॉक कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने एक बड़ा फैसला लिया था।

जैस्मीन भसीन ने एक शो में कास्टिंग काउच पर खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैं मीटिंग के लिए गई थी। सबसे पहले तो मैं एक आदमी को ड्रिंक करते और ऑडिशन के लिए कहते हुए देखकर डर गई। यहां तक कि कोऑर्डिनेटर भी कमरे से बाहर चला गया। तो पहले तो मैं डर गई। उसके बाद उसने मुझसे कहा- तुम्हें ये सीन करना होगा। मैंने कहा- सर, ठीक है, मैं सीन तैयार कर दूंगी और कल आऊंगी। तो उसने बोला- नहीं नहीं, तुम्हें अभी करना होगा। तो मैंने कर दिया। इसके बाद उसने मुझसे कहा- नहीं ऐसे नहीं। मेरा मतलब है, वो मुझे खड़े होने के लिए कह रहा था और... उसने मुझे एक सीन बताया। उदाहरण के लिए- तुम्हारा बॉयफ्रेंड जा रहा है, तुम्हें उसे रोकना होगा। तो मैंने वैसा ही किया। उसने कहा- नहीं, ऐसे नहीं। तुम्हें... उसने मुझे बंद कर दिया और कुछ और करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन ठीक है, फिर मैंने अपनी स्किल का इस्तेमाल किया और मैं वहां से भाग गई। जैस्मीन ने खुलासा किया कि इसके बाद उन्होंने फैसला किया कि होटल रूम में कोई भी मीटिंग के लिए वो नहीं जाएंगी। अपनी जिंदगी में कभी नहीं जाएंगी। इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच को लेकर उन्होंने कहा, 'मैं कहूंगी कि ये मौजूद है।



हॉलीवुड मसाला



# आज से ज्यादा बेहतर पुरानी फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जैकी चैन ने हाल ही में हॉलीवुड को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उनका मानना है कि हॉलीवुड में क्वालिटी फिल्में बनाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने पुरानी और नई फिल्मों की तुलना करते हुए कहा- मुझे लगता है कि पुरानी फिल्में आज से ज्यादा बेहतर हैं।' उनका मानना है कि अब फिल्में, निर्माण के जुनून से ज्यादा बिजनेस हितों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा, 'कई बड़े स्टूडियो फिल्ममेकर्स नहीं, बल्कि व्यवसायी हैं। वे 4 करोड़ डॉलर का निवेश करते हैं और सोचते हैं- मैं इसे कैसे वापस पाऊंगा?



# थॉर के लिए पहले रिजेक्ट हो गए थे क्रिस हेम्सवर्थ

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में साल 1983 में जन्मे क्रिस ने न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई, बल्कि भारत में भी अपनी भूमिका थॉर के कारण एक लोकप्रिय नाम बन गए। क्रिस हेम्सवर्थ की थॉर वाली भूमिका पहले उनके छोटे भाई लियाम हेम्सवर्थ को मिलने वाली थी। क्रिस ने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें पहले लगा था कि थॉर के लिए उनका ऑडिशन बिल्कुल बेकार गया। उन्होंने कई साल पहले थॉर के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन उन्हें कॉलबैक नहीं आया। इसके बाद उनके भाई उस रोल के काफी करीब थे, लेकिन फिर उन्होंने दोबारा से थॉर का ऑडिशन दिया और दूसरी बार उन्हें सिलेक्ट कर लिया गया। इन दो ऑडिशन्स के बीच भी क्रिस दूसरी फिल्में कर रहे थे, जिससे उनका कॉन्फिडेंस और एक्सपीरियंस बढ़ता गया।



# 10 साल पहले कर चुके हैं सैयारा का सीन

**मुंबई।** अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' के एक सीन में अहान का बाइक पर अनीत को ओवरशर्ट से बांधना वायरल हो गया है। नेटिजन्स ने अर्जुन कपूर की फिल्म 'तेवर' के एक पुराने सीन को याद किया, जिसमें उन्होंने सोनाक्षी सिन्हा के साथ ऐसा ही किया था। एक खास सीन जिसने कई दर्शकों को हैरान कर दिया, वह था जब अनीत, अहान की बाइक पर बैठ जाती हैं तो अहान अपनी ओवरशर्ट उनकी कमर के पास डालकर उन्हें खुद से बांध लेते हैं। खैर, अब नेटिजन्स ने एक पुराना क्लिप खोज निकाला है, जिसमें दावा किया गया है कि अर्जुन ने यह हरकत सैयारा के ट्रेंड बनने से पहले की थी। सैयारा में, अहान पांडे ने दर्शकों को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया जब उन्होंने अनीत पड्डा के कमर के पीछे अपनी शर्ट बांधी, उन्हें कसकर खींचा और फिर बाइक पर तेजी से भाग निकले।



# एडवांस बुकिंग में कुली ने वॉर 2 को पछाड़ा

**मुंबई।** गुरुवार, 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले बॉक्स ऑफिस पर दो एक्शन थ्रिलर फिल्में आमने-सामने होंगी। एक तरफ 'स्पाई यूनिवर्स' की 'वॉर 2' है, जिसमें ऋतिक रोशन के साथ इस बार जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी हैं। वहीं, दूसरी तरफ लोकेश कनगराज की तमिल क्राइम ड्रामा 'कुली', जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत लीड रोल में हैं। दोनों की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। उसमें कुली ने वॉर 2 को बुरी तरह पछाड़ दिया है। हालांकि, बुधवार तक बाजी पलट भी सकती है! वॉर 2 की एडवांस बुकिंग रविवार, 10 अगस्त को शुरू हुई है। जबकि कुली की एडवांस बुकिंग लिमिटेड स्क्रीन्स के साथ 8 अगस्त की शाम में ही शुरू हो गई थी। सोमवार दोपहर तक, हिंदी, तमिल और तेलुगू वर्जन में वॉर 2 के लिए 6978 शोज की प्री-बुकिंग हो रही है।

टीवी मसाला

# दर्शक चाहते हैं सीरियल में लौटे आएं दिशा वकानी

**नई दिल्ली। दिशा** वकानी को दर्शक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'की दयाबेन के तौर पर खूब पसंद करते हैं। लेकिन, यह एक्ट्रेस एक लंबे वक्त से सीरियल में नजर नहीं आ रही हैं। हाल ही में जब सीरियल के प्रोड्यूसर असित मोदी रक्षाबंधन पर दिशा वकानी से मिले तो दर्शकों को उनकी वापसी की उम्मीद जाग गई। दिशा वकानी से शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में वापस आने की रिक्वेस्ट उनके फैंस कर रहे हैं। एक यूजर लिखता है, अब रक्षाबंधन पर अपने भाई को तोहफा दीजिए, शो में वापस आकर। एक अन्य यूजर ने लिखा, आप शो में वापस आ जाओ, आपके बिना शो देखने में मन नहीं लगता है। एक अन्य यूजर ने भी लिखा, जल्दी शो में वापस आ जाइए। अब देखना होगा कि क्या दिशा वकानी शो में दयाबेन के रोल में वापस आती हैं या नहीं। हाल ही में सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा के प्रोड्यूसर असित मोदी ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें दिशा वकानी, उनके घर पहुंची हैं। रक्षाबंधन के त्योहार के मौके पर दिशा और असित मोदी की मुलाकात हुई। इस वीडियो को देखकर दिशा वकानी यानी दयाबेन के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यूजर्स ने असित मोदी की पोस्ट पर दिशा वकानी से एक खास डिमांड कर दी। असित मोदी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें दिशा वकानी उन्हें राखी बांध रही हैं। इस वीडियो को पोस्ट करने के साथ असित ने एक इमोशनल मैसेज भी लिखा है, वह लिखते हैं, कुछ रिश्ते किस्मत बुनती है। दिशा वकानी से खून का नहीं, दिल का नाता है।



## क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में होगी नई एंट्री

**नई दिल्ली।** सालों बाद स्मृति ईरानी के शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने छोटे पर्दे पर वापसी की है। पहले सीजन की तुलना में इस बार शो में कुछ बदलाव किए गए हैं, लेकिन बावजूद इसके दर्शकों को 'क्योंक-2' कापी पसंद आया है। तुलसी के किरदार में दर्शकों को स्मृति ईरानी काफी एंटरटेन कर रही हैं, लेकिन अब इस शो में एक और एंट्री होने जा रही है जिसके बाद तुलसी की जिंदगी पहले से कहीं ज्यादा मुश्किल होने वाली है। चर्चा है कि एक्ट्रेस बरखा बिष्ट शो में एंट्री करने वाली हैं। सीरियल में बरखा की एंट्री के लिए माहौल तैयार किया जा चुका है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में हुए इस हाई वोल्टेज तमाशे की वजह से विरानी निवास में माहौल तनावपूर्ण हो जाएगा। बरखा का किरदार 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में तुलसी और मिहिर के बीच फासले बढ़ाता नजर आएगा। चर्चा है कि बरखा का किरदार शो में महज एक गेस्ट अपीयरेंस नहीं होगा, बल्कि मुख्य किरदार के तौर पर शो में बना रहने वाला है। लेकिन, तुलसी की जिंदगी में बरखा की वजह से कौन से ट्विस्ट आने वाले हैं, इस सवाल का जवाब भी हमें जल्द ही मिल जाएगा।



# देशभक्ति का जोश जगा देंगी ये आने वाली फिल्में

*नई दिल्ली। देशभक्ति की भावना को बड़े पर्दे पर जीवंत करने वाली कुछ शानदार बॉलीवुड फिल्में जल्द ही रिलीज होने वाली हैं। ये फिल्में भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और देश के प्रति समर्पण की कहानियों को दर्शकों के सामने लाएंगी। देशभक्ति का जोश जगा देंगी ये सभी आगामी बॉलीवुड फिल्में। भारतीय सेना की वीरता और बलिदान की सच्ची कहानियों पर आधारित हैं, जो दर्शकों में देशप्रेम की भावना को और मजबूत करेंगी। इस लिस्ट में बॉर्डर 2, 120 बहादुर और इक्कीस जैसी फिल्में शामिल हैं।*

**बॉर्डर 2** : 1997 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है बॉर्डर 2। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान लोंगेवाला की लड़ाई पर आधारित थी। बॉर्डर 2 भी देशभक्ति, साहस और बलिदान की भावना को दर्शाएगी। सनी देओल इस फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, और अहान शेट्टी जैसे सितारे भी हैं। फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। इसे जेपी दत्ता, निधि दत्ता, और भूषण कुमार प्रोड्यूस कर रहे। बॉर्डर 2, 23 जनवरी, 2026 को गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हो सकती है।

**120 बहादुर** : 120 बहादुर, 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है। यह फिल्म उस ऐतिहासिक घटना को दर्शाती है, जिसमें 120 भारतीय सैनिकों ने हजारों दुश्मनों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और इतिहास रच दिया। फरहान अख्तर इस फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी (परम वीर चक्र विजेता) की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म को रजनीश घई ने डायरेक्ट किया है। इसे एक्सेल एंटरटेनमेंट (फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी) प्रोड्यूस कर रहा है।




**बैटल ऑफ गलवान'** : बैटल ऑफ गलवान, 15 जून, 2020 को लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुए भीषण संघर्ष पर आधारित है। यह फिल्म भारतीय सैनिकों के साहस, बलिदान और देशभक्ति की कहानी को दर्शाएगी। यह उस घटना को श्रद्धांजलि देती है, जिसमें कई भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। सलमान खान इस फिल्म में कर्नल बी. संतोष बाबू का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं, जिन्होंने शूटआउट एट लोखंडवाला जैसी फिल्में बनाई हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज किया जा चुका है।

**इक्कीस** : इक्कीस, 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह फिल्म लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी है, जिन्होंने 21 साल की उम्र में देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। यह फिल्म उनकी वीरता और बलिदान को दर्शाती है। धर्मेंद्र इस फिल्म में अरुण खेत्रपाल के पिता का किरदार निभा रहे हैं। अगस्त्य नंदा (अमिताभ बच्चन के नाती) लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की भूमिका में हैं। वरुण धवन, जयदीप अहलावत और सिकंदर खेर भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन कर रहे हैं।

# रिकी ने लियोनार्डो से की शाहरुख की तुलना

**मुंबई।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार और पद्मश्री रिकी केज दिल्ली में चल रहे सेलिब्रेटिंग इंडिया फिल्म फेस्टिवल 2025 के तीसरे दिन शामिल हुए। इस दौरान केज ने जवान के लिए पहला नेशनल अवॉर्ड जीतने पर शाहरुख खान को लेकर भी बात की। वहीं, अपने हालिया रिलीज एल्बम गांधी मंत्रा ऑफ कम्पैशन पर भी उन्होंने बात की। शाहरुख के नेशनल अवॉर्ड जीतने पर रिकी केज ने प्रतिक्रिया देते हुए लियोनार्डो डिकैप्रियो की द रेवेनेंट के लिए पहली ऑस्कर जीत को याद किया। जहां कई लोगों को लगा कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था, लेकिन यह उनके कॅरियर के लिए एक लंबे समय से प्रतीक्षित सम्मान था। केज ने कहा कि किंग खान ने अपने कॅरियर में काफी शानदार काम किया है। वो जवान से पहले ही इस सम्मान के हकदार थे। केज ने कहा कि लियोनार्डो डिकैप्रियो के साथ भी ऐसा हुआ था, जब उन्होंने द रेवेनेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता था। बहुत से लोग मानते हैं कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ काम नहीं था। लेकिन, जब उन्होंने द रेवेनेंट के लिए पुरस्कार जीता तो सभी उनके लिए बहुत खुश हुए।



## निर्देशक और गायक भी थे, फिल्मों में किया चार दशकों तक काम

# पाकिस्तान में जन्मे मनमोहन कृष्ण ने बॉलीवुड में इस तरह बनाई पहचान

*नई दिल्ली। दिवंगत कलाकार मनमोहन कृष्ण बॉलीवुड का बड़ा नाम हैं। वह अभिनेता होने के साथ निर्देशक और गायक भी थे। उन्होंने फिल्मों में चार दशकों तक काम किया। इस दौरान कई चरित्र भूमिकाएं निभाईं। कम ही लोगों को पता है कि वह सिंगर बनना चाहते थे, हालांकि वह एक्टर के तौर पर मशहूर हुए।*



### पहले बने भौतिकी के प्रोफेसर

मनमोहन कृष्ण का जन्म 26 फरवरी साल 1922 को पाकिस्तान के लाहौर में हुआ था। उन्होंने भौतिकी के प्रोफेसर के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की। उन्हें कॉलेज में बच्चों को पढ़ाना पसंद था। उन्होंने भौतिकी में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की थी। उन्होंने कॉलेज में दो साल तक बच्चों को पढ़ाया, इसके बाद बॉलीवुड का रुख किया।

### रेडियो में की एंकरिंग

मनमोहन कृष्ण सिंगर बनना चाहते थे। इसलिए उनका रुझान रेडियो की तरफ था। वह कुछ दिनों तक रेडियो से जुड़े रहे। उन्होंने रेडियो शो 'कैडबरी की फुलवारी' नाम के एक गायन प्रतियोगिता का संचालन किया। यह कार्यक्रम काफी मशहूर हुआ।

### चोपड़ा बंधुओं के पसंदीदा थे कृष्ण

मनमोहन कृष्ण ने बॉलीवुड कॅरियर की शुरुआत बतौर अभिनेता अंधों की दुनिया (1947) से की थी। वह चोपड़ा बंधुओं के पसंदीदा अभिनेता थे। मनमोहन कृष्ण ने उनके द्वारा निर्देशित या निर्मित फिल्मों में कई छोटी-बड़ी भूमिकाएं निभाईं। दीवार, त्रिशूल, दाग, हमराज, जोशीला, कानून, साधना, काला पत्थर, वक्त और नया दौर में उन्होंने काम किया।

### सहायक अभिनेता के लिए मिला पुरस्कार

मनमोहन कृष्ण ने लगभग 250 फिल्मों में काम किया। इनमें से कई फिल्में कामयाब रहीं। उनकी बेहतरीन फिल्मों में दौर (1957), खानदान (1965), साधना (1958), वक्त (1965) और हमराज (1967) शामिल हैं। फिल्म बीस साल बाद (1962) में उनके अभिनय के लिए उनकी खूब तारीफ हुई। फिल्म धूल का फूल (1960) में उन्होंने अब्दुल रशीद की भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।



### गाने में आजमाया हाथ

फिल्मों में अभिनय और फिल्म का निर्देशन करने के साथ-साथ मनमोहन कृष्ण एक गायक भी थे। बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि मनमोहन कृष्ण ने अपना पहला गीत 'झट खोल दे', देव आनंद की फिल्म अफसर (1950) में गाया था। इस गाने का संगीत एसडी बर्मन ने दिया था।

### आखिरी वक्त

मनमोहन कृष्ण एक कामयाब अभिनेता थे। आखिरी वक्त में वह बीमार हो गए थे। साल 1990 में 68 वर्ष की आयु में मुंबई के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया।

### कृष्ण की फिल्म को मिला नेशनल अवॉर्ड

मनमोहन कृष्ण ने ख्वाजा अहमद अब्बास की शहर और सपना (1963) में अहम भूमिका निभाई। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने पहली इंडो-सोवियत सह-निर्माण फिल्म परदेसी (1957) में अभिनय किया। इस फिल्म को 1958 के कान फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन पाम के लिए नामांकित किया गया था। यही नहीं, मनमोहन कृष्ण ने 12 पंजाबी फिल्मों में भी अभिनय किया है।

### निर्देशन में हासिल की उपलब्धि

फिल्मों में अभिनय करने के बाद मनमोहन कृष्ण ने निर्देशन में हाथ आजमाया। यहां भी वह कामयाब रहे। उन्होंने अपने कॅरियर में यशराज फिल्म्स के लिए हिट फिल्म नूरी (1979) का निर्देशन किया। इस फिल्म का निर्देशन करने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया।

## खबर संक्षेप

### संदीप राजपूत होंगे पुसौर के तहसीलदार



**पुसौर।** 2016-17 के पीएससी पास आउट होकर तहसीलदार बने संदीप राजपुत प्रदेश मुख्यालय रायपुर सहित कई तहसीलों में अपनी सेवाओं के बीच निष्पक्षता एवं संतुलन बनाएं रखने में कामयाब रहे और अब प्रशासनिक कसावटवश पुसौर तहसील में अपनी सेवाए देंगे। ये बीते सोमवार को यहां के तहसीलदार का कार्यभार ले चुके हैं। नव पदस्थ पुसौर तहसीलदार संदीप राजपुत से सौजन्य मुलाकात करने सर्वप्रथम क्षेत्रीय वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम शंकर पाणिग्राही के अगुवाई में अन्य अधिवक्ता गण आए। इसी कड़ी में पुसौर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, पार्षद प्रतिनिधि अंशु साव ने मुलाकात किया वहीं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष किशोर कसेर एवं पार्षद लक्ष्मण साव ने भी मुलाकात कर बधाई व शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि पुसौर में स्थापित जनपद कार्यालय एवं थाना कार्यालय, कृषि कार्यालय सहित अन्य विभागों के कार्यालय प्रमुखों का एक सूचि प्रत्येक कार्यालय में चस्पा है जो पुसौर तहसील में नहीं है इस तथ्य को प्रमुखता से लेने की जरूरत महसूस की जा रही है चूंकि तहसील के स्थापना को लगभग 3 दशक से अधिक हो जाने के बाद भी यहां पदस्थ तहसीलदारों की सूची नहीं है।

### पाटन में छात्रा प्रीति दिखाएगी खेल प्रतिभा



**पुसौर।** अभिनव स्कूल पुसौर के कक्षा 11 वीं में अध्ययनरत छात्रा प्रीति साहू जिला स्तरीय वेट वेटलिफ्टिंग खेल में अपना नाम पहला दर्ज कराने के बाद अब संभाग स्तर में भी बाजी मार ली है, जो अब प्रदेश के पाटन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ये अपनी खेल कौशल का प्रदर्शन करेगी। जानकारी के मुताबिक राज्य शासन खेल मंत्रालय द्वारा जारी खेल कैलेण्डर के अनुसार बिलासपुर में संभाग स्तरीय विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें अभिनव विद्या मंदिर पुसौर की कक्षा 11वीं वाणिज्य की छात्रा प्रीति साहू ने सीनियर वर्ग बालिका में 30 किग्रा वेटलिफ्टिंग में सभी संभाग के खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए राज्य स्तरीय खेल में अपना चयन करवा कर अपनी खेल प्रतिभा को निखारने में कामयाब रही है। ज्ञात हो कि प्रीति साहू पुसौर के गौरा साहू की बेटी है। प्रीति साहू सायकल पोलो एवं साइकिलिंग में राष्ट्रीय स्तर की चैंपियन रही है। इस उपलब्धी पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानी मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश कुमार साव, अभिनव शिक्षण समिति अध्यक्ष दिलीप पांडेय, उपाध्यक्ष डोलेश्वर गुप्ता, कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल, विकास खंड खेल प्रभारी प्रेम नायक प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी, पीटीआई राहुल वैष्णव, फूल चंद गुप्ता, संतोष पटेल, लेक्रास राज्य एसोसिएशन सचिव देव अवतार चौधरी, अभिनव सतपथी आदि ने बधाई दी।

### जन सुविधाओं का सतत विस्तार हमारी प्राथमिकता : साय

# मुख्यमंत्री ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले को दी 186 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात





हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ को 186 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। सारंगढ़ के शासकीय लोचन प्रसाद पांडे महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 96 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और 90 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांसद के रूप में सारंगढ़ के लिए लंबे समय तक कार्य किया। अब मुख्यमंत्री का दायित्व मिला है। पिछले डेढ़ सालों में इस जिम्मेदारी को पूरे लगन और समर्पण के साथ निभाने का का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को लगातार पूरा कर रहे हैं। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रूपए की कीमत के साथ खरीद रहे हैं। दो साल का बकाया बोनस भी 13 लाख किसानों को 3716 करोड़ रुपए दिया गया। 18 लाख आवास निर्माण को स्वीकृति प्रदान की। अब तेजी से हितग्राहियों के मकानों का निर्माण हो रहा है। पीएम आवास निर्माण की गति ऐसी है कि गांवों में राजमिस्त्री और सेंटरिंग प्लेट की कमी हो गई है।

#### जनसुविधाओं में होगी वृद्धि

राजस्व और जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों में प्रदेश में गांव शहर में हर जगह विकास कार्यों को गति देने का काम कर रहे हैं। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में करोड़ों की विकास कार्यों की सौगात मिलने से यहां जनसुविधाओं में वृद्धि होगी। विकास कार्यों पर अमल का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में विकास कार्यों और अधोसंरचना विस्तार को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ पीएम आवास, हर घर जल जैसे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है।

#### अधोसंरचना विकास को मिलेगी मजबूती

जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों को जमीन पर उतारने के साथ प्रदेश में विकास कार्यों को नई ऊंचाई देने का कार्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में निरंतर जारी है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को 186 करोड़ की सौगात मिली है यह जिले में अधोसंरचना विकास को मजबूती प्रदान करेगी।

#### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिले के बड़ी संख्या में आए नागरिकगण अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अनुराग सिंहदेव, मंच पर विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे उपाध्यक्ष अजय नायक, सदस्य अभिलाषा नायक, दिनेश जांगड़े, सहोदरा सिदार, पूर्व विधायक शमशेर सिंह, केराबाई मनहर, कामदा जोल्हे, गणमान्य नागरिक टीकाराम पटेल, ज्योति पटेल, सुभाष जालान, जगन्नाथ पाणिग्राही, अजेस अग्रवाल, अमित तिवारी, अजय गोपाल, दीनानाथ खूंटे, अरविंद हरिप्रिया, शिवकुमारी चौहान, मनोज जायसवाल, हरिनाथ खूंटे, सतीश शर्मा अविनाश पुरी, कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक आञनेय वार्ष्णेय सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

#### 70 लाख महिलाओं को मिला आर्थिक संबल

महतारी वंदन योजना से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है। हर माह मिलने वाली राशि से महिलाएं अपना खुद का व्यवसाय भी प्रारंभ कर रही हैं। सारंगढ़ जिले के दानसरा की माताओं ने महतारी वंदन की राशि से अपने गांव में राम मंदिर निर्माण की पहल की है। जिसे आज पूरा प्रदेश जानता है।

#### 22 हजार श्रद्धालु कर चुके हैं रामलला के दर्शन

तेंदूपत्ता खरीदी के दाम बढ़ाए गए हैं। 5.62 लाख कृषि भूमिहीन मजदूरों को 10-10 हजार रूपए दिए जा रहे हैं। राम लला दर्शन योजना से अब तक 22 हजार श्रद्धालु अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना फिर से शुरू की गई है इसके लिए देश में 19 स्थान चिन्हित किए गए हैं जहां 60 वर्ष से अधिक उम्र के बड़े बुजुर्ग के साथ परित्यक्ता और विधवा महिलाएं भी योजना का लाभ लेकर तीर्थयात्रा कर सकते हैं।

#### 10 हजार पदों पर की जा चुकी है भर्ती

प्रदेश में विकास को रफ्तार देने नई उद्योग नीति लेकर आए हैं। पिछले 6 माह में छत्तीसगढ़ को 6.50 लाख करोड़ रूपए के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है। जिसमें रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है। पिछले डेढ़ वर्षों में शासन के विभिन्न विभागों के करीब 10 हजार पदों पर भर्ती की जा चुकी है। 5 हजार शिक्षकों की भर्ती पुनः निकलने वाली है। उद्योगों को भी 1 हजार से अधिक पदों के रोजगार सृजन में कई तरह के प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।



# कोतमरा में नहीं बना मुक्तिधाम बरसात में होती है भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

सारंगढ़ से महज सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कटेली के आश्रित ग्राम रहे 5 साल पहले नवीन ग्राम पंचायत कोतमरा गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। लगभग 900 से 1000 की जनसंख्या वाले इस गांव में बीते 200 वर्षों से आज तक एक भी मुक्तिधाम नहीं बन पाया है। इससे ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के समय खासकर बरसात के दिनों में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों के अनुसार बारिश के मौसम में शवों को जलाने के लिए उपयुक्त स्थल नहीं होने से खेत के पार यह नाला किनारे टिकरा जमीन खुले में अंतिम संस्कार करना पड़ता है। न तो वहां तक जाने के लिए समूचित रास्ता है और न ही शवदाह के लिए पक्की या सुरक्षित जगह। यह स्थिति न केवल भावनात्मक रूप से पीड़ादायक है बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिहाज से भी गंभीर चिंता का विषय है।

#### कोतमरा गांव को उपेक्षा ही मिली

गांव के इतिहास की बात करें तो कोतमरा से जिला पंचायत सदस्य और लगातार दो बार जनपद सदस्य इस गांव से निर्वाचित हुए हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने इस गांव को विकास से कोसों दूर रखा गया। दुर्भाग्य की बात यह है कि राजा के जमाने से लेकर आज तक कई जिला सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच बदले, पंचायतें आई गई, यहां तक कि गांव शहरी क्षेत्र से कुछ दूरी पर है। बावजूद मुक्तिधाम का निर्माण नही हुआ है।

#### प्रशासन से शिकायत

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन को इसकी जानकारी दी। ज्ञापन सौंपा और व्यक्तिगत रूप से भी समस्या से अवगत कराया, लेकिन किसी ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मजबूरी में हर अंतिम यात्रा के लिए गांववाले कंधों पर शव उठाकर नाला के पार या खेत मे जाते हैं और खुले में ही दाह संस्कार करते हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर ध्यान देंगे या फिर कोतमरा के लोग यूं ही असुविधाओं के बीच अपनों का अंतिम संस्कार करना होगा।

हमने प्रशासन से मुक्तिधाम निर्माण की मांग की है। जैसे ही प्रशासन से कार्य आदेश जारी होगा, तत्काल मुक्तिधाम निर्माण किया जाएगा।
**शीतल वारे**
**सरपंच ग्राम पंचायत कोतमरा**

हमारे गांव से जिला पंचायत सदस्य और दो बार जनपद सदस्य बने हैं, लेकिन आज तक मुक्तिधाम नहीं बना। मैनें मुक्तिधाम निर्माण के संबंध में जिला कलेक्टर से शिकायत व मांग की है।
**अलेख जायसवाल**
**स्थानीय निवासी, कोतमरा**

# देशमुख वशिष्ठ महाराज के श्रीमुख से बहेगी भागवत कथा की बयार



**खरसिया।** धार्मिक नगरी खरसिया की धन्य धरा पर पितृमोक्षार्थ श्रीमद भागवत कथा का आयोजन बिंदल परिवार द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमे कथा वाचक देशमुख वशिष्ठ महाराज के द्वारा कथा वाचन किया जाएगा यह कथा कन्या भवन में होने जा रही है।

14 अगस्त गुरुवार को सुबह 10 बजे स्टेशन रोड पुरातन शिव मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी, वही दोपहर 3 बजे से भागवत कथा प्रारंभ होगी जिसके प्रसंग इस प्रकार से है। देव प्रतिष्ठा, भागवत महात्म्य एवं सुखदेव आगमन होगा। 15 अगस्त शुक्रवार को विराट स्वरूप वर्णन एवं ध्रुव चरित्र। 16 अगस्त शनिवार को प्रहलाद चरित्र एवं गजेंद्र मोक्ष का वर्णन किया जाएगा। 17 अगस्त रविवार को वामन अवतार और श्री कृष्ण जन्मोत्सव, नंदोत्सव के विषय मे बताया जाएगा, नंदोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसकी विशेष तैयारी की जा रही है। 18 अगस्त सोमवार को प्रभु कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी व छप्पन भोग लगेगा, माखन चोरी की अद्भुत लीला का आनंद महाराज जी के श्रीमुख से होगी। 19 अगस्त मंगलवार को रुक्मिणी विवाह महोत्सव का शानदार प्रसंग देखने और सुनने को मिलेगा वही सुदामा चरित्र भी होगा। 20 अगस्त बुधवार को नव योगेश्वर संवाद, अवधूतोपाख्यान द्वादस स्कंध एवं कथा को विराम दिया जाएगा। 21 अगस्त को हवनए पूर्णाहुति एवं गौ दान होगा। आयोजक हजारीलाल मंगलचंद ताराचंद एचएमटी बिंदल परिवार खरसिया, संबलपुर, कटक रायपुर, द्वारा कथा आयोजित करवाई जा रही है। बिंदल परिवार के सदस्यों द्वारा घर घर जाकर आमंत्रण पत्र बाटा गया है सभी श्रोताओं से निवेदन किया है कन्या विवाह भवन में 14 अगस्त से 20 अगस्त को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे चलने वाली भागवत कथा का श्रवण करने सपरिवार अवश्य पधारे।

# फसल बीमा कराने कार्यशाला का आयोजन

**पुसौर।** किसानों को फसल लगाने व लेने के बीच यदि नुकसान होता है तो उस नुकसानी को बीमा के जरिए संबंधित किसान को मुहैया कराने के मद्देनजर इन दिनों किसानों के फसलों का बीमा कराया जा रहा है। जिसके लिए प्रत्येक सोसायटी में आए दिन एक कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसके लिए प्रदेश सरकार काफी संवेदनशील है, जिसका प्रत्येक जिला मुख्यालय के कृषि अधिकारी लक्ष्य तक पहुंचने अपने तहसील स्तर के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारीयों को भार दिया है। इसी कड़ी में पुसौर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरके पटेल ने बीते दिनांक को पुसौर सेवा सहकारी कार्यालय में किसानों के बीच एक कार्यशाला आयोजित किया गया।

### जिले में 807.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 11 अगस्त तक 807.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 0.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। जिले के रायगढ़ तहसील में 878.1 मिली मीटर पुसौर में 798.3 खरसिया में 711.7, घरघोड़ा में 836.6, तमनार में 567.2, लैलूंगा में 744.3, मुकडेगा में 1018.5, धरमजयगढ़ में 748.6, छाल में 734.2 एवं कापू में 1041.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

#### ध्वजारोहण, पौधरोपण स्वच्छता अभियान तिरंगा यात्रा और जलवायु साक्षरता जैसे कार्यक्रम होंगे आयोजित

# स्वतंत्रता दिवस पर जिले के 101 अमृत सरोवरों पर होंगे विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत की स्वतंत्रता की 79 वीं वर्षगांठ का उत्सव रायगढ़ जिले में एक अनूठे और प्रेरणादायक रूप में मनाया जा रहा है। इस बार स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति का प्रतीक नहीं होगा, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनमानस में जागरूकता लाने का एक सशक्त मंच भी बनेगा।

राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार जिले के 101 अमृत सरोवरों पर 15 अगस्त 2025 को भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों में ध्वजारोहण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, तिरंगा यात्रा और जलवायु साक्षरता जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे जो न केवल स्वतंत्रता की भावना को जीवंत करेंगेए बल्कि एक हरित, स्वच्छ और समृद्ध भारत के संकल्प को भी बल देंगे।



#### कार्यक्रमों की रूपरेखा

रायगढ़ जिला प्रशासन ने स्वतंत्रता दिवस 2025 के लिए एक व्यापक और प्रेरणादायक योजना तैयार की है। स्वतंत्रता दिवस की शुरुआत प्रत्येक अमृत सरोवर स्थल पर प्रभात की प्रथम किरण के साथ तिरंगे के ध्वजारोहण से होगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम की दीदियाँ और स्थानीय समुदाय के लोग उपस्थित रहेंगे। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गान और देशभक्ति भजनों की स्वरलहरियाँ वातावरण को देशप्रेम की भावना से सराबोर करेंगी। यह क्षण प्रत्येक व्यक्ति के मन में स्वतंत्रता के मूल्यों और देश के प्रति समर्पण को और गहरा करेगा।

#### अमृत सरोवर: जल संरक्षण और देशभक्ति का प्रतिक

अमृत सरोवर जो भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत निर्मित जल संरक्षण के प्रतीक हैं, इस स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों के केंद्र में होंगे। ये सरोवर न केवल जल संरक्षण और ग्रामीण समुदायों के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक एकजुटता का भी प्रतीक हैं।

#### ग्राम पंचायतों में होगी तिरंगा यात्रा

प्रत्येक ग्राम पंचायत में तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा, जिसमें बच्चे, युवा और ग्रामीण तिरंगे के साए में सड़कों पर उतरेंगे। यह यात्रा देशभक्ति के नारे और गीतों से गूंजेगी, जो राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता के प्रति गहरे लगाव का प्रतीक बनेगी। तिरंगा यात्रा ग्रामीण समुदायों में एकता और उत्साह का संचार करेगी और स्वतंत्रता के मूल्यों को जीवंत करेगी। अमृत सरोवरों के महत्व को रेखांकित करने के लिए जलवायु और जल संरक्षण पर केंद्रित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्कूलों और कॉलेजों में निबंध लेखन, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवा पीढ़ी को जल संरक्षण का महत्व समझाया जाएगा। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में कार्यशालाएँ आयोजित की जाएंगी।

#### सामूहिक पौधरोपण का किया जाएगा आयोजन

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सामूहिक पौधरोपण का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान में स्कूली बच्चे, कॉलेज के युवा, ग्राम पंचायत के सदस्य और स्थानीय समुदाय के लोग स्थानीय प्रजातियों के पौधे रोपेंगे। नीम, पीपल, बरगद, और आम जैसे पेड़ों का रोपण न केवल पर्यावरण को हरा भरा बनाएगा, बल्कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एकजुटता का संदेश भी देगा। यह कदम रायगढ़ जिले को हरियाली की ओर ले जाएगा और भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण करेगा।

#### छात्र-छात्राएं विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा


इन आयोजनों की सफलता का आधार स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी है। ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, एनआरएलएम की दीदियाँ और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस उत्सव को भव्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। स्कूलों और कॉलेजों के छात्र छात्राएँ भी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेंगे। विशेष रूप से एनआरएलएम की दीदियाँ इन आयोजनों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाएंगी।




न्यायालय तहसीलदार, घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./ / अ-21/2024-25
साकिन घरघोडा प.ह.न. 14
-: ईश्तहार :-
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण उत्कर्ष अग्रवाल पिता रमेश अग्रवाल व अन्य एक निवासी घरघोडा तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम घरघोडा, प.ह.नं. 14 तहसील घरघोड़ा में उसके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 95/2, 96/1 रकबा 0.040 हे. व 0.297 हे. भूमि कुल 0.337 हे. भूमि परिवर्तित भूमि है। आवेदिका नेहा अग्रवाल अपनी हक की भूमि का उत्कर्ष अग्रवाल के पक्ष में बिना प्रतिफल के हक त्याग करना चाहती है। हक त्याग पंजीयन की अनुमति दिये जाने का निवेदन किया गया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।
प्रस्तुत आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 22/08/2025 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध में जिसे किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दिनांक 22.08.2025 को इस न्यायालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 11/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
तहसीलदार, घरघोड़ा

# कोलता समाज की आचंलिक सभा की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



बीते रविवार को कोलता समाज के आचंलिक सभा का बैठक आयोजित किया गया, जिसमें शाखा सभा के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों ने सर्व सम्मति से लिए गए निर्णय अंतर्गत 7 सितंबर को नवाखाई बंधु मिलन समारोह को आयोजित करने हेतु सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया।

जिसमें सभी को पारंपरिक परिधान सहित नव कलेवर में कुछ अलग अंदाज में नवाखाई मिलन समारोह को एक नए अंदाज में करना है। इसमें कोलता समाज के सभी लोगों की सहभागिता हो इसलिए प्रत्येक ग्राम व प्रत्येक परिवार तक निमन्त्रण पत्र ससम्मान प्रेषित किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शाखा व ग्राम प्रतिनिधि का होगा। उक्त कार्यक्रम में प्रत्येक परिवार से तन मन व धन से सहयोग लिया जाएगा जो स्वेच्छा से होगा लेकिन इसमें आवश्यक रूप से सभी परिवार से सहयोग ली जाएगी। निमंत्रण कार्ड, बेनर, फ्लैक्सी आदि बनाने की जिम्मेदारी कर्मचारी प्रकोष्ठ व आचंलिक पदाधिकारी का होगा। इस हेतु आगामी बैठक 17 अगस्त को किया जाना प्रस्तावित है, तब तक शाखा सभा अपने शाखा में बैठक आयोजित कर लेंगे। कार्यक्रम में हमारी संस्कृति को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

उक्ताशय की जानकारी समाज के आंचलिक अध्यक्ष जगन्नाथ प्रधान ने देते हुए कहा नवाखाई मिलन समारोह हमारे समाज के लोगों द्वारा पिछले कई वर्षो से आयोजित होता रहा है जो समाज को एक परिवार के रूप में जोड़ने में मददगार साबित हो रहा है।

